◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

सरकारी योजना

किसानों किजामिन कि रशीद और खरीद पर लागीरोकहटाने कि माँग को लेकरसड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे के खगड़िया सांसद राजेश वर्मा



खगड़िया से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

खगड़िया से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

किसानों की जमीन की रसीद और खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटानेहटाने कि को हटाने कि मांग को के लिए सड़क से सदन तक लड़ेंगे: सांसद राजेश वर्मा

महदीपुर में किसान महापंचायत में सांसद और परबत्ता विधायक को किसानों ने किया आमंत्रित, जमीन संबंधी समस्याओं एवं जलजमाव के समाधान का उठाया मुद्दा

किसान जमीन पर बैठे तो सांसद ने जमीन पर जमाया आसान

खगड़िया। जिले के परबत्ता प्रखंड के मेंहदीपुर स्थित दुर्गा स्थान परिसर में मंगलवार को आयोजित किसान महापंचायत में खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा एवं परबत्ता के विधायक बाबूलाल शौर्य शामिल हुए। किसानों ने अपनी जमीन की राजस्व रसीद काटे जाने, जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटाने तथा जलजमाव की समस्या के समाधान की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था, ताकि उनकी समस्याओं से अवगत कराया जा सके।

महापंचायत को संबोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनके अधिकारों एवं जायज मांगों की लड़ाई में वे मजबूती से साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के लिए जरूरत पड़ने पर सरकार के समक्ष भी आवाज उठाएंगे और संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क से लेकर सदन तक हम किसानों के साथ हैं और उनकी लड़ाई में हर कदम पर साथ खड़े रहेंगे।

महापंचायत में किसानों ने जमीन की राजस्व रसीद नहीं कटने, जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी रोक तथा जलजमाव के कारण उत्पन्न परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। किसानों ने जनप्रतिनिधियों से इन समस्याओं के समाधान के लिए पहल करने की मांग की।

किसान जमीन पर बैठे तो सांसद ने जमीन पर जमाया आसान

कार्यक्रम में सांसद राजेश वर्मा निर्धारित समय से पहुंचे। वहां पहुंचते ही उन्होंने देखा कि किसान जमीन पर बैठे हुए हैं। जिसके बाद उन्होंने मंच संचालन कर रहे अंशु कुमार से माइक ले लिया और घोषणा करते हुए कहा कि अपने देश के अन्नदाता जमीन पर बैठे हैं तो वे भी जमीन पर ही बैठेंगे। इसके बाद उन्होंने तुरंत मंच से सोफा हटवाया और जमीन पर ही अपना आसन जमा लिया। जिसके बाद किसानों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सांसद राजेश वर्मा का स्वागत किया।

मौके पर निम्नलिखित लोग रहे मौजूद

इस वसर पर अखिलेश यादव, राजेंद्र प्रसाद सिंह (पूर्व मुखिया, महद्दीपुर), अंशु भारती (उपसरपंच प्रतिनिधि, पसराहा), अद्यानंद मेहता (पैक्स अध्यक्ष, महद्दीपुर), दिवाकर शर्मा (झांझरा), आलोक शर्मा (मुखिया, देवठा), सिकंदर शर्मा (पूर्व मुखिया, पैकान्त), श्रवण कुमार (झांझरा), रोहिन कुमार (पूर्व पंचायत समिति सदस्य, महद्दीपुर), गजेंद्र सिंह निषाद (खरौआ) एवं शैलेन्द्र वर्मा (तेलीहार) सहित बड़ी संख्या में किसान एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

बाइट खगड़िया सांसद, राजेश वर्मा

— Awanish Kumar

अपराध

बैंककर्मी के कार कार का शीशा तोड़कर लाखों कि चोरी



आरा से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

बैंक कर्मी के कार का शीशा तोड़ लाखों की चोरी

आरा जिले के उदवंत नगर थाना क्षेत्र के जीरोमाइल पर बैंक कर्मी के कार का शीशा तोड़कर अपराधियोंने पर्स जरूरी कागजात समेत जेवरात लेकर आराम से फरार हो गए, बताया जा रहा है कि भोजपुर जिले के अगीआव बाजार थाना क्षेत्र के खननी कला गांव के रहने वाले मृत्युंजय कुमार राय जो की बेंगलुरु में बैंक ऑफ़ बड़ौदा में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं एवं उनकी पत्नी भी भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत है दोनों लोग अपने घर से पटना जा रहे थे इस दौरान वे लोग जीरो माइल के समीप साइड में कर लगाकर बगल के टीले के शोरूम में चले गए इस दौरान 4 से 5 की संख्या में अपराधियों ने कर का शीशा तोड़ दिया और आराम से उसमें रखे पर्श जेवरात कागजात एवं नगदकैश तकरीबन ₹25 000 एवं अन्य सामान लेकर आराम से फरार हो गए, तकरीबन 15 मिनट बाद जब पति पत्नी वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि कर का शीशा टूट गया है एवं उसमें रखे नगदी जेवरात एवंअन्य कागजात गायब घटना को लेकर एक बार फिर से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बताया जा रहा है कि बैंगलोर बैंक में कार्यरत दोनों पति-पत्नी छठ पूजा में अपने घर आए हुए थे और वह अपने घर से पटना जा रहे थे तभी जीरो माइल पर यह घटना घट गई घटना के बाद इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है

बाईट मृत्युंजय कुमार राय बैंक कर्मी

— Awanish Kumar

धर्म

कटहारा में सुमित कुमार मंडल के नेतृत्व में छठ महापर्व का भव्य आयोजन



अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड के अंतर्गत स्थित कटहारा में चार दिवसीय छठ महापर्व का आयोजन कटहारा युवा समिति ने किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष सुमित कुमार मंडल ने किया और सूरज, सोनू, अमर विकास, मनोज सहित अन्य सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

समिति ने छठ घाट की सफाई, आकर्षक सजावट, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विस्तृत व्यवस्थाएँ कीं। इस अवसर पर उपस्थित व्रतियों को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया, जिससे सभी में उत्साह का माहौल बना।

धार्मिक अनुष्ठान स्थानीय पंडित ललित नारायण झा ने वैदिक विधियों के अनुसार संपन्न किए। उन्होंने संध्या अर्घ्य और प्रातःकालीन अर्घ्य के दौरान मंत्रोच्चारण किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया और व्रतियों ने सूर्य देवता एवं छठी मैया से परिवार और समाज की समृद्धि की कामना की।

यह महापर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति सम्मान का भी संदेश देता है। कटहारा में आयोजित इस कार्यक्रम ने आपसी सहयोग और सामाजिक सौहार्द की सुंदर मिसाल पेश की।

कार्यक्रम के समापन पर सुमित कुमार मंडल एवं समिति के सभी सदस्य ने उपस्थित क्षेत्रवासियों, श्रद्धालुओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया के भरगामा प्रखंड में सहयोग शिविर का उद्घाटन, जिलाधिकारी बिनोद दूहन ने दीप प्रज्वलित किया



बिहार के अररिया जिले के भरगामा प्रखंड की रामपुर आदि पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय जनसहायता एवं विकास कार्यों के समर्थन हेतु आयोजित किया गया था।

शिविर का उद्घाटन जिला प्रशासन के प्रमुख, जिलाधिकारी बिनोद दूहन ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस समारोह में सामान्य प्रशासन विभाग के निदेशक एवं सह सचिव सोहेल भी उपस्थित थे।

उद्घाटन के बाद विभिन्न विभागीय प्रतिनिधियों ने शिविर में उपलब्ध सुविधाओं एवं सहायता सामग्री का परिचय कराया तथा उपस्थित लोगों को सहयोग के महत्व के बारे में बताया।

शिविर में स्थानीय निवासियों, स्वयंसेवकों और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई, जिससे भविष्य में समान कार्यक्रमों के सफल संचालन की आशा व्यक्त की गई।

— Kanhaiya Kumar Jha

धर्म

वारिसलीगंज में भक्ति और आस्था का महाकुंभ: लक्ष्मी नारायण महोत्सव संपन्न, विशाल भंडारे में उमड़ा पूरा नगर



वारिसलीगंज (नवादा):

विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई, जिससे भविष्य में समान कार्यक्रमों के सफल संचालन की आशा व्यक्त की गई।

— Kanhaiya Kumar Jha

धर्म

वारिसलीगंज में भक्ति और आस्था का महाकुंभ: लक्ष्मी नारायण महोत्सव संपन्न, विशाल भंडारे में उमड़ा पूरा नगर



वारिसलीगंज (नवादा):

बिहार के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शहर वारिसलीगंज में इन दिनों भक्ति, आस्था और आपसी भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ आयोजित होने वाला वार्षिक लक्ष्मी नारायण महोत्सव क्षेत्र के सबसे बड़े और भव्य आयोजनों में शुमार है, जो अपनी सुदीर्घ परंपरा और सामाजिक समरसता के लिए पूरे इलाके में खास पहचान रखता है।

स्थापना से लेकर भंडारे तक का भव्य अनुष्ठान

इस महोत्सव की शुरुआत दीपावली के पावन अवसर पर होती है, जहाँ लक्ष्मी पूजा के दिन विधिवत रूप से भगवान लक्ष्मी-नारायण की प्रतिमा की स्थापना कराई जाती है। इसके बाद, आगामी कई दिनों तक पूरा क्षेत्र पूरी तरह से भक्तिमय माहौल में डूबा रहता है। उत्सव का यह सिलसिला महापर्व छठ के समापन और उसके ठीक एक दिन बाद होने वाले विशाल भंडारे के साथ अपने पूर्णत्व को प्राप्त करता है।

भजन-कीर्तन से गूंजता वातावरण

महोत्सव के इन विशेष दिनों में वारिसलीगंज का वातावरण पूरी तरह से आध्यात्मिक हो जाता है। सुबह से लेकर देर रात तक स्थानीय श्रद्धालुओं और कीर्तन मंडलियों द्वारा लगातार सुमधुर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिससे हर आने-जाने वाले के मन को शांति और दिव्यता की अनुभूति होती है।

नगरवासियों का अभूतपूर्व सहयोग और जन-भागीदारी

इस विशाल आयोजन की सबसे बड़ी ताकत यहाँ की जन-भागीदारी और सामूहिक सहयोग है। वारिसलीगंज नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में नगरवासी तन, मन और धन से इस आयोजन में अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य संचालकों और पूरी संगत की निष्ठावान देखरेख के कारण यह उत्सव हर साल सफलता के नए आयाम गढ़ रहा है।

विशाल भंडारे में उमड़ी भीड़, घर ले गए प्रसाद

छठ पारण के अगले दिन आयोजित होने वाले महा-भंडारे में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता। इसमें वारिसलीगंज नगर और आसपास के दूर-दराज से आने वाले सभी जातियों और वर्गों के लोग पूरी श्रद्धा के साथ शामिल होते हैं। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर महाप्रसाद ग्रहण किया। खास बात यह रही कि लोग न केवल वहीं पेट भरकर प्रसाद पाते हैं, बल्कि अपने परिवार और स्नेहीजनों के लिए बड़े ही प्रेम के साथ घर ले जाने के लिए भी प्रसाद साथ लेकर जाते हैं।

यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वारिसलीगंज की एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और आपसी प्रेम का एक जीवंत प्रतीक बन चुका है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी संस्कृति से जोड़े रखने का संदेश देता है।

— रिपोर्टर: राहुल पांडे, नीट 24 न्यूज़ (NEED 24 News)

— Rahul Pandey

मनीष कुमार झा के लापता होने की सूचना, परिवार ने मदद की अपील



परिवार के सदस्य अत्यंत चिंतित हैं क्योंकि मनीष कुमार झा का वर्तमान में पता नहीं चल पाया है। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को सूचित किया है और जनता से सहयोग की अपील की है।

यदि किसी को मनीष कुमार झा दिखाई दें या उनके बारे में कोई जानकारी हो, तो कृपया तुरंत नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करें। यह सूचना परिवार के सदस्य की तत्काल सहायता के लिए आवश्यक है।

संपर्क नंबर: 8252560778। परिवार ने इस नंबर पर किसी भी सूचना को प्राथमिकता से स्वीकार किया जाएगा।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया के आदर्श मध्य विद्यालय में सहयोग शिविर, सचिव एवं जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश



बिहार के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव, सह-प्रभारी सचिव अररिया जिला मो. सोहैल और जिलाधिकारी अररिया श्री विनोद दूहन ने जिला अंतर्गत भरगामा प्रखंड के रामपुर आदि पंचायत के आदर्श मध्य विद्यालय में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लिया।

इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय लोगों की समस्याओं को समझना और त्वरित समाधान के लिए प्रशासनिक सहयोग प्रदान करना था। उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीण जनसंख्या की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रभारी सचिव ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के स्पष्ट निर्देश दिए, जिससे प्रत्येक शिकायत को शीघ्रता से निपटाया जा सके। उन्होंने जिला प्रशासन को समयबद्ध कार्य योजना बनाने और प्रगति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया।

जिला प्रशासन अररिया ने इस अवसर को स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के एक कदम के रूप में प्रस्तुत किया।

— Kanhaiya Kumar Jha

डीएम आनंद शर्मा का अनोखा अंदाज! अधिकारियों की कुर्सियां हटवाकर जनता के बीच दरी पर बैठकर सुनीं समस्याएं।



डीएम आनंद शर्मा का अनोखा अंदाज! अधिकारियों की कुर्सियां हटवाकर जनता के बीच दरी पर बैठकर सुनीं समस्याएं।

नमस्कार आप देख रहे हैं Need24 News

#मधुबनी। घोघरडीहा प्रखंड की चिकना पंचायत स्थित मध्य विद्यालय बिसारिया में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में डीएम आनंद शर्मा का अलग अंदाज देखने को मिला।

लिए लगाई गई टेबल-कुर्सियां हटवाकर दरी बिछाने का निर्देश दिया। इसके बाद डीएम समेत तमाम अधिकारी आम जनता के बीच जमीन पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनने लगे।

इस दौरान वार्ड संख्या 13 के लोगों ने विकास कार्यों में अनदेखी की शिकायत की। वहीं, बैद्यनाथ यादव ने राजस्व कर्मचारी पर जमाबंदी अपने नाम कराने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। किसानों ने फार्मर आईडी नहीं बनने से खाद मिलने में हो रही परेशानी भी उठाई।

डीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से सरकारी कार्यालयों में काम नहीं होने पर सहयोग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए।

जनता के बीच बैठकर समस्याएं सुनने की डीएम की इस पहल की खूब चर्चा हो रही है।

मधुबनी, बिहार

Reporter – MD PARWEZ

— Md Parwez

धर्म

गोपालगंज के कटेया ब्लॉक के विष्णु मठ में राधा-कृष्ण की मूर्तियों को नई चांदी की मुकुट निर्माण हेतु पुनः स्थापित किया गया



गोपालगंज के कटेया ब्लॉक में स्थित विष्णु मठ में राधा-कृष्ण की मूर्तियों को नई चांदी की मुकुट बनवाने के लिये पुनः स्थापित किया गया।

मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं ने मिलकर मूर्तियों को सावधानीपूर्वक फिर से स्थापित किया, जिससे भविष्य में निर्मित नई चांदी की मुकुट को सुरक्षित रूप से स्थापित किया जा सके।

यह कार्य स्थानीय भक्तों के बड़े सहयोग से संपन्न हुआ और मंदिर प्रबंधन ने बताया कि नई चांदी की मुकुट का निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा, जिससे मंदिर की शोभा बढ़ेगी।

इस कदम से विष्णु मठ में धार्मिक उत्सवों और पूजा पद्धतियों में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद है।

— News report

स्थानीय

गोपालगंज के स्टेशन रोड पर ट्रैक्टर के चपेट में सफाई कर्मी राजा राम घायल



गोपालगंज के स्टेशन रोड पर स्थित राजा दल के समीप एक ट्रैक्टर के चपेट में आकर नगर पालिका के सफाई कर्मी राजा राम घायल हो गए।

घायल कर्मी का नाम राजा राम है, जो लक्ष्मण राम के पुत्र हैं। वह उसी स्थान पर काम कर रहे थे जब ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी।

स्थानीय प्रशासन ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर घायल को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की और निकटतम अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की जांच के लिए पुलिस को भेजा गया है।

— News report

Airtel Payments Bank ने हमीदपुर (गोपालगंज) में बुजुर्गों को घर पर निकासी सुविधा प्रदान की



Airtel Payments Bank ने बिहार के गोपालगंज जिले के हमीदपुर गाँव में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को घर पर निकासी सुविधा प्रदान की, जिससे वे बैंक जाने की आवश्यकता से मुक्त हुए।

ग्राम पंचायत राज हमीदपुर के वार्ड 12 में स्थित ग्राहक सेवा केंद्र के अधिकारी ने 60 वर्ष से अधिक आयु के एक बुजुर्ग के खाते से नकद निकासी की, और प्रक्रिया को स्वयं रिपोर्टर अमित कुमार ने जांचा। इस दौरान केंद्र के अधिकारी मनीष कुमार उपस्थित थे।

केंद्र पर फिंगरप्रिंट और आइरिस स्कैन दोनों बायोमेट्रिक उपकरण उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहकों को सुरक्षित और तेज़ सेवा मिलती है। यह पहल विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक उम्र के या दिव्यांग व्यक्तियों के लिए लक्षित है, जो बैंकिंग पॉइंट तक नहीं पहुँच सकते।

सेवा का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और जरूरतमंद लोगों को उनके घर तक सुविधाजनक बैंकिंग पहुँचाना है, जिससे वित्तीय समावेशन बढ़े। ग्राहक सेवा केंद्र का पूरा पता: ग्राम हमीदपुर, वार्ड 12, ग्राम पंचायत राज हमीदपुर, पोस्ट राजापट्टी, थाना बैकुंठपुर, पिन 841420।

रिपोर्टर अमित कुमार ने कहा कि ऐसी पहल से जनसेवा में सुधार होगा और बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित होगा।

— Amit Kumar

अपराध

दमकल वाहन की चपेट मे आने से घायल किशोर की मौत, पॉच बहनो का एकलौता भाई था दीपक।



कटिहार: 17 नवंबर 2026

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन में दमकल वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए 17 वर्षीय किशोर दीपक कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। दीपक बलीतिकर, छीटाबाड़ी निवासी बुधु राय का पुत्र था और पांच बहनों का इकलौता भाई था।

घटना का विवरण:

बीते दिनों छठ घाट से अर्घ्य देकर घर लौटते समय एक अनियंत्रित दमकल वाहन ने दो किशोरों को कुचल दिया था। इस दुर्घटना में दीपक कुमार और मोहम्मद समीर (17 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को तत्काल चिकित्सा सुविधा के लिए भेजा गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए दीपक को पूर्णिया के लाइन बाजार स्थित न्यूरो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे घायल किशोर मोहम्मद समीर की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

प्रशासनिक कार्रवाई एवं जन आक्रोश:

दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया था, जिसके चलते आक्रोशित भीड़ ने आगजनी कर मुख्य सड़क को जाम कर दिया था। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। पुलिस अधिकारियों द्वारा लोगों को समझाने-बुझाने और उचित कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद जाम हटाया गया और यातायात व्यवस्था को पुनः बहाल किया गया।

दीपक की असामयिक मृत्यु से उसके परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

स्थानीय

नवादा में 'सहयोग शिविर' से सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक



नवादा, 17 नवंबर 2026 – बिहार सरकार की जनकल्याणकारी पहल ‘सहयोग शिविर’ के तहत मंगलवार को नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में शिविर आयोजित किए गए।

इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं और आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना है।

पार्षद, प्रखंड विकास अधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला एवं प्रखंड स्तरीय विभागीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और लाभुक शिविरों में उपस्थित रहे।

साथ ही, राज्य सरकार ने ‘सहयोग शिविर’ पोर्टल भी शुरू किया है, जिससे लोग घर बैठे अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन किया और पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया।

— Ramlakhan Kumar

शिक्षा

नवादा में सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए ‘संकल्प संध्या’ शुरू, कक्षा 9-12 को निःशुल्क शाम की पढ़ाई



बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने मंगलवार, 17 नवंबर 2026 को नवादा के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में ‘संकल्प संध्या’ (Evening Classes) का औपचारिक शुभारम्भ किया, जिसका उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के छात्रों की शैक्षणिक क्षमता को बढ़ाना और परीक्षा परिणाम सुधारना है।

इस पहल के तहत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के अतिरिक्त निःशुल्क शाम की कक्षाएँ प्रदान की जाएँगी। अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे प्रमुख विषयों पर विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। कक्षाएँ प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक चलेंगी और 17 नवंबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक संचालित होंगी। छात्रों को स्मार्ट बोर्ड और डिजिटल सामग्री से सुसज्जित कक्षाओं में पढ़ने की सुविधा भी मिलेगी।

कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य छात्रों के विषयगत ज्ञान को सुदृढ़ करना, पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना और आगामी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करना है। अतिरिक्त समय में पढ़ाई करने से छात्रों को अपनी कमजोरियों की पहचान कर सुधार करने का अवसर मिलेगा।

शुभारम्भ के अवसर पर छात्रों ने उत्साह व्यक्त किया और कहा कि निःशुल्क अतिरिक्त कक्षाएँ उन्हें बेहतर मार्गदर्शन और उच्च अंक प्राप्त करने में सहायता करेंगी। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री सुभाष कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुश्री वर्षा अ., श्री रिशु राज एवं श्री शिव कुमार वर्मा सहित कई संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

‘संकल्प संध्या’ के माध्यम से सरकारी विद्यालयों के छात्रों को अतिरिक्त शैक्षणिक अवसर प्रदान कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में यह नई पहल एक महत्वपूर्ण कदम है।

सरकारी योजना

नगर निगम कटिहार के विभिन्न वार्डों में सहयोग शिविर का विधिवत उद्घाटन, आम नागरिकों को मिलेंगी सरकारी सेवाओं का लाभ



कटिहार, 17 नवंबर 2026

नगर निगम कटिहार द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न वार्डों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वार्ड संख्या 12 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर, वार्ड संख्या 27 स्थित सामुदायिक भवन, कोरिया टोला तथा वार्ड संख्या 43 स्थित एल.डब्ल्यू.सी. मैदान में माननीय महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल, उप महापौर श्री मंजूर खान एवं नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सहयोग शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया।

वहीं, वार्ड संख्या 43 में भी माननीय महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर सहयोग शिविर का शुभारंभ किया गया।

शिविर के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इसके तहत नगर निगम से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों को प्राप्त कर उनके निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आम लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नगर निगम की सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगर निगम की सेवाओं को आम जनता के द्वार तक पहुंचाना, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना तथा नगर प्रशासन और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में आयोजित सहयोग शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं एवं आवश्यक आवेदनों को शिविर के माध्यम से प्रस्तुत करें।

— Raju Choudhary

स्थानीय

Begusarai के Khatu Pur चौक में Murshid Hussain का उल्लेख



Begusarai जिले के Khatu Pur चौक में Murshid Hussain नाम का उल्लेख किया गया है।

यह सूचना स्थानीय स्तर पर प्राप्त हुई है, जिसमें अभी तक कोई अतिरिक्त विवरण उपलब्ध नहीं है।

वर्तमान में इस संबंध में आगे की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

— Murshid Husain, बेगूसराय

वैशाली में प्रधानमंत्री के आगमन को सफलको ए एन डी ए के सभी घटक दलों ने झोकि पूरी ताकत



हाजीपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

हाजीपुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनडीए के सभी घटक ने दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है।

आज लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने हाजीपुर सर्किट हाउस में लोजपा के वैशाली जिले के सभी प्रकोष्ठों के साथ बैठक की। इस बैठक में मंत्री संजय कुमार सिंह और विधान परिषद सदस्य असरफ अंसारी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री के वैशाली आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए एनडीए में शामिल सभी पार्टियों के प्रदेश अध्यक्ष लगातार जिलाध्यक्षों के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठकों में कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की संख्या, भीड़ प्रबंधन और लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हो रही है।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया जा रहा है कि हर बूथ, हर पंचायत से अधिक से अधिक कार्यकर्ता और आम लोग कार्यक्रम में पहुंचें। इसके लिए सभी घटक दलों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एनडीए नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री का यह दौरा वैशाली के लिए विकास का नया अध्याय लेकर आएगा। इलेक्ट्रॉनिक पार्क के शिलान्यास और सिक्स लेन पुल के उद्घाटन से जिले को बड़ी सौगात मिलने जा रही है।

इसको लेकर कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। सभी दल एकजुट होकर कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में जुट गए हैं।

— Awanish Kumar

धर्म

जालौर में विश्व हिंदू परिषद ने प्रताप चौक में आयोजित प्रेस वार्ता में अभियान का उद्देश्य बताया



जालौर में मंगलवार को प्रताप चौक स्थित महावीर भवन में विश्व हिंदू परिषद की प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कांतिलाल जैन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण हिंदू समाज को व्यापक संपर्क स्थापित कर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ना है।

वे यह भी रेखांकित करते हुए कहा कि इस पहल के माध्यम से लोगों को धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय पत्रकारों ने इस पहल के महत्व को सराहा और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों की आशा व्यक्त की।

— Kamlesh

स्थानीय

राहत्मिना में श्री मद भगवात् कथा ज्ञान यज्ञ का आरम्भ



राहत्मिना गाँव में आज श्री मद भगवात् कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हुआ।

मुख्य कथावाचक पंडित श्री विजय कुमार झा और सहायक पंडित श्री हरिकांत झा हैं।

इस यज्ञ का आरम्भ चाचा श्री जीवानंद बाबू के सौजन्य से हुआ।

सभी कथा प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

— Kanhaiya Kumar Jha

बांका के कटोरिया प्रखंड में भारी दुर्घटना, एक व्यक्ति की मृत्यु



बांका जिला के कटोरिया प्रखंड में बहदिया मोड़ पर दोपहर के समय एक भारी सड़क दुर्घटना घटी। स्थानीय लोगों के अनुसार, वाहन तेज गति से चल रहा था और अचानक नियंत्रण खोकर टकरा गया।

इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान बलिया महारा के रूप में की गई है और उनका शव तुरंत स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया।

पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारम्भिक जांच में यह संकेत मिला है कि तेज गति और संभवतः वाहन की तकनीकी खराबी ने इस दुर्घटना को उत्पन्न किया हो सकता है।

स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सड़कों पर गति सीमा का पालन करें और दुर्घटना के संभावित कारणों से बचें।

— Gopal Yadav

यात्रा

छठ महापर्व सम्पन्न होते ही रेलवेस्टेशन पर उमड़ी भीड़



गय्यजी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

छठ महापर्व संपन्न: रेलवे स्टेशनों पर उमड़ी यात्रियों की भारी भीड़, सुरक्षित आवागमन के लिए प्रशासन मुस्तैद

लोक आस्था के महापर्व छठ की समाप्ति के बाद मंगलवार से श्रद्धालुओं की वापसी का सिलसिला तेजी से शुरू हो चुका है। दिल्ली और अन्य महानगरों की ओर जाने वाले गया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बड़ी भीड़ देखने को मिल रही है। यात्रियों को सुरक्षित उनके मंजिल तक पहुंचाने के लिए रेलवे और सुरक्षा बलों ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। आरपीएफ, जीआरपी और कमर्शियल विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ लगातार मुस्तैद रहकर भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे हैं।

कतारबद्ध तरीके से हो रही कोच में बोर्डिंग

स्टेशनों पर उमड़ रही भारी भीड़ के मद्देनजर रेलवे से जुड़ी सुरक्षा एजेंसियों ने विशेष इंतजाम किए हैं। महाबोधि एक्सप्रेस में बड़ी संख्या में जेनरल बागी में रेल यात्रियों को बिठाया गया। जिन्हें सीट मिली वे अपने अपने सीट पर बैठ गए और जिन्हें नहीं मिली वे खड़ा खड़ा ही सफर करने के ट्रेन में सवार हो गए। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी बनारसी दास ने बताया कि यात्रियों को धक्कामुक्की से बचाने के लिए प्लेटफॉर्म पर कतारें लगवाई जा रही हैं। कतारबद्ध तरीके से एक-एक कर यात्रियों को सुरक्षित जनरल और रिजर्व्ड कोचों में बैठाया जा रहा है। सुरक्षा बलों द्वारा सभी प्रमुख बिंदुओं (प्रेशर पॉइंट्स) और विशेषकर संकरे सीढ़ियों पर जवानों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

विशेष ट्रेनों का संचालन और सीसीटीवी से निगरानी

यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। महाबोधि एक्सप्रेस और पटना रूट पर विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखने के लिए प्लेटफॉर्म्स और ट्रेनों की आवाजाही पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि भीड़ के रुझान को देखते हुए जरूरत के अनुसार आगे भी और स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

प्रशासन की यात्रियों से अपील

अपील की है कि वे यात्रा के दौरान संयम बनाए रखें व सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या असुविधा महसूस होने पर तुरंत नजदीकी सुरक्षाकर्मी या रेलवे मदद काउंटर को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

— Awanish Kumar

अपराध

पटना सिटी इलाके के दीदारगंजथाना क्षेत्र में कट्टा लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पटना से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

छठ प्रतिमा विसर्जन जुलूस में देसी कट्टा लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

कट्टा लराजधानी पटना के पटनसिटी के दीदारगंज थाना क्षेत्र के कटरा बाजार में छठ प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान देसी कट्टा लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मालसलामी थाना क्षेत्र के जमनापुर गोसाईं स्थान निवासी आकाश कुमार (25 वर्ष), पिता नरेश महतो के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 16 नवंबर की रात करीब 9:55 बजे गुप्त सूचना मिली कि विसर्जन जुलूस में शामिल एक युवक कमर में देसी कट्टा खोंसकर घूम रहा है। सूचना पर ग्रामीण एसपी के निर्देश पर फतुहा-01 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित किया गया। पुलिस टीम ने रात करीब 10:15 बजे कटरा बाजार में कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, जिसे खदेड़कर पकड़ लिया गया।

तलाशी के दौरान उसकी जींस से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 269/26 दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस युवक का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

— Awanish Kumar

स्थानीय

कटिहार के आजमनगर में विद्युत् दोष से लगी भीषण आग, तीन परिवारों के घर पूरी तरह जलकर राख



कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड के केलाबाड़ी पंचायत के अंतर्गत इमामनगर (शिव मंदिर टोला) में सोमवार को विद्युत् दोष के कारण अचानक भीषण आग लग गई।

इस आग में तीन गरीब परिवारों के आवास पूरी तरह जलकर राख हो गए। स्थानीय स्रोतों के अनुसार, इन परिवारों की संपत्ति का नुकसान लाखों रुपये का अनुमानित किया गया।

आग के प्रकोप से प्रभावित परिवारों को तत्काल आश्रय व सहायता की आवश्यकता है, जबकि स्थानीय प्रशासन से राहत कार्यों की शीघ्रता से व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है।

— Shivu Vishwas

बिजली रहेगी गुल, विभाग ने जारी की सूचना



योगापट्टी। प्रखंड की दस पंचायतों में बुधवार, 18 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। रामनगर ग्रिड में अनुरक्षण कार्य (मेंटेनेंस) के चलते यह कटौती की जाएगी। बिजली विभाग के कनीय अभियंता रामपुकार राम ने बताया कि बलडीहा ग्रिड से जुड़ी पंचायतों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इससे सिसवा भूमिहार, सिसवा बैरागी, दोनवार, बरवा ओझा, नवलपुर, पिपरहिया, ढढ़वा, बलुआ भवानीपुर, खुटवानिया-जरलपुर और चौमुखा पंचायत प्रभावित होंगी। उन्होंने बताया कि अनुरक्षण कार्य के दौरान इन पंचायतों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे सुबह 11 बजे से पहले पानी की टंकी भरने, मोटर चलाने और बिजली से जुड़े जरूरी कार्य निपटा लें। कनीय अभियंता ने कहा कि ग्रिड में अनुरक्षण कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से विभाग को सहयोग करने की अपील की है।

— Amit kumar

स्थानीय

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर अररिया प्रेस क्लब में विशेष बैठक, जिला पदाधिकारी बिनोद दूहन ने अध्यक्षता की



राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर रविवार को अररिया प्रेस क्लब में एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी बिनोद दूहन ने की और उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े जिले के कई पत्रकार उपस्थित रहे।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया: पहुँसी में गोलीबारी से अमृत कुमार भगत का निधन, दो अभियुक्त गिरफ्तार



14 नवम्बर 2026 को प्रातः लगभग 09:30 बजे कुआड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पहुँसी गांव में अमृत कुमार भगत को उनके निवास के समीप गोली मारकर घायल किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुँचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (SIT) का गठन किया गया। प्रारंभिक जांच में अवैध संबंध को लेकर विवाद होने की बात सामने आई।

कुआड़ी थाना द्वारा कांड संख्या 108/26 के तहत धारा 103(2)/61(2)(a)/125(b)/3(5) भारतीय दंड संहिता एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के अंतर्गत नौ नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने दो नामजद अभियुक्तों – वृक्ष लाल सिंह और लक्ष्मण सिंह – को विधिवत गिरफ्तार किया। साथ ही, एक विधि-विरुद्ध बालक (लाइनर)

दो खोखा बरामद हुए। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी और अनुसंधान जारी है।